डॉ. अजित कुमार मोहान्ती
Dr. Ajit Kumar Mohanty

भारत सरकार
Government of India

अध्यक्ष, परमाणु ऊर्जा आयोग
व
सचिव, परमाणु ऊर्जा विभाग
Chairman, Atomic Energy Commission
&
Secretary, Department of Atomic Energy

संदेश

यह हर्ष का विषय है कि भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र, मुंबई नाभिकीय विज्ञान एवं अभियांत्रिकी में हो रहे नित नये अनुसंधान और इसके सामाजिक अनुप्रयोगों के संबंध में प्रामाणिक जानकारी के व्यापक प्रचार एवं प्रसार के लिए "परमाणु विज्ञान" के नाम से हिंदी भाषा में एक वैज्ञानिक पत्रिका का प्रकाशन प्रारंभ कर रहा है।

भारत की समग्र ऊर्जा सुरक्षा में नाभिकीय विज्ञान एवं अभियांत्रिकी की विशेष भूमिका है। परमाणु ऊर्जा विभाग देश के नागरिकों को स्वच्छ, हरित एवं किफ़ायती बिजली उपलब्ध कराते हुए उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने और उनके समग्र विकास में अपना योगदान दे रहा है। विभाग "विकसित भारत" के लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु प्रौद्योगिकियों को आकार देते हुए नाभिकीय ऊर्जा के मूल क्षेत्रों में सतत अनुसंधान एवं विकास के ज्ञान की सीमाओं को भी विस्तारित कर रहा है।

यह अर्ध-वार्षिक पत्रिका विभाग की विविध उपलब्धियों को बृहत स्तर पर भारतीय समाज के साथ साझा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इसका लक्ष्य आम-नागरिकों को सुगमता से विज्ञान के साथ जोड़ना है।

निःसंदेह, यह पत्रिका राष्ट्रीय स्तर पर न केवल परमाणु ऊर्जा विभाग का दर्पण बनकर उभरेगी बल्कि इसके जन-जागरूकता अभियान को भी आगे बढ़ाएगी। यह विभिन्न भाषाई क्षेत्रों के बीच तकनीकी जानकारी को साझा करने में सेतु का कार्य करेगी, जिससे समग्र एवं समावेशी विकास को बल मिल सकेगा। मैं आश्वस्त हूं कि भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र, मुंबई की यह पहल समाज और वैज्ञानिक समुदाय के बीच संवाद-सेतु को सुदृढ़ बनाएगी।

इस नवीन प्रयास हेतु मैं, 'परमाणु विज्ञान' पत्रिका से जुड़े सभी पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूँ।

(डॉ. अजित कुमार मोहान्ती)

अणुशक्तिभवन, छत्रपति शिवाजी महाराज मार्ग, मुंबई - 400 001, भारत • Anushakti Bhavan, Chhatrapati Shivaji Maharaj Marg, Mumbai - 400 001, India
दूरभाष/Phone:+(91) (22) 2202 2543 • फैक्स/Fax: +(91) (22) 2204 8476 / 2284 3888
ई-मेल/E-mail: chairman@dae.gov.in